चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/508
दिनांक : 21/3/24

अत्यावश्यक

विज्ञप्ति

विषय : वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत बी0ए0/बी0एससी0 के संस्थागत मुख्य/भूतपूर्व छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत **बी0ए0/बी0एससी0 के ऐसे संस्थागत छात्र/छात्रायें जो दिनांक 20.03.2024 से प्रारम्भ परीक्षाओं में मुख्य/भूतपूर्व छात्र/छात्रा के रूप में सम्मिलित हो रहे हैं,** की संख्या बहुत कम है। यदि इन परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों/संस्थानों को परीक्षकों के पैनल प्रेषित किये जाते हैं तो इसमें विश्वविद्यालय के समय एवं धन का अपव्यय होगा। अतः यह निर्णय लिया गया है कि **इन छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा उन्हीं परीक्षकों से सम्पादित करायी जाय जो एन0ई0पी0 सम सेमेस्टर हेतु परीक्षक प्रेषित किये जायेंगे।**

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित करना है कि मात्र एम0ए0/एम0कॉम0 के मुख्य/भूतपूर्व व्यक्तिगत छात्र/छात्राओं की मौखिक परीक्षा हेतु परीक्षकों के पैनल विश्वविद्यालय द्वारा शीघ्र ही प्रेषित कर दिये जायेंगे।

21.03.2024
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
3. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र/रिजल्ट सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. मैसर्स मस्कॉट सोफ्टवेब सोल्यूशन प्राईवेट लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. मैसर्स आई0टी0आई0 इम्टैक प्रा0लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. प्रभारी, वेबसाईट चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
8. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)